रोहतक
मंगलवार, 9 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 27, अंक : 348
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 12.9
न्यून. 8.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 तोमर और ईशा ने स्वर्ण पदक के साथ हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा







## ईडी दिलबाग को अपने साथ दिल्ली ले गई

# इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह गिरफ्तार

परिवार ने मामले को राजनीति से प्रेरित बताया | घर से जो सामान मिला उसके ऑर्डर की कॉपी दी | ईडी ने बरामद सामान का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पांचवें दिन जांच के बाद इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह को गिरफ्तार कर लिया और अपने साथ दिल्ली ले गई। इस दौरान ईडी की टीम ने पूर्व विधायक के परिजनों को थमाई अरेस्टिंग आर्डरों की कॉपी में उनके घर से किसी भी प्रकार की देसी व विदेशी करंसी और किसी भी प्रकार की ज्यूलरी बरामद नहीं होना बताया है। आर्डरों की कॉपी में केवल घर से पूर्व विधायक व उनके परिजनों के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉक्सि डिवाइस, दो गाड़ियां और परिवार के लोगों के बैंकों के खातों की चैकबुक बरामद करना दिखाया है। ईडी ने अपने आर्डरों में दिलबाग को अंडर सेक्सन 19 ऑफ पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया है। वहीं, पूर्व विधायक के परिजनों ने मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है।

### परिजनों की मौजूदगी में गिरफ्तारी

ईडी की टीम ने पूर्व विधायक दिलबाग सिंह को उसके परिजनों की मौजूदगी में गिरफ्तार किया और ऑर्डरों पर उनके हस्ताक्षर करवाए। उन ऑर्डरों की एक प्रति उनके परिजनों को सौंप दी। आर्डरों की कॉपी परिजनों को सौंपने के बाद ईडी की टीम पूर्व विधायक को अपनी गाड़ी में बिठाकर अपने साथ ले गई। इस दौरान ईडी की टीम दो गाड़ियां भी साथ ले गई है, जिनमें एक गाड़ी दिल्ली की रॉयल्टी कंपनी के नाम रजिस्टर्ड है तो दूसरी पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के किसी रिलेटिव के नाम रजिस्टर्ड है।



पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की गिरफ्तारी के बाद उसके भाई राज्जा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**कुछ नहीं मिला: राजिंद्र :** पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के भाई राजिंद्र सिंह उर्फ राज्जा ने बताया कि मामला राजनीति से प्रेरित है। पिछले पांच दिन तक उनके घर टीम बैठी रही और उन्हें कुछ भी बरामद नहीं हुआ। ईडी ने जो गाड़ियां बरामद की हैं, वह भी दूसरों के नाम हैं। जो प्रॉपर्टी के दस्तावेज लिए हैं वह उनके दादा परदादा द्वारा उन्हें विरासत के रूप में मिली हैं। जो असलहा मिलने की बात कही गई है उनके लाइसेंस हैं। जो शराब बताई जा रही है वह भी पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की नहीं है। आखिर जब उनके घर से कुछ मिला ही नहीं फिर पूर्व विधायक दिलबाग सिंह को गिरफ्तार करना हैरत की बात है। हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। राज्जा ने कहा कि चौ. दिलबाग सिंह पूरी तरह पाक साफ हैं और वह किसी दबाव में ना तो आने वाले हैं और ना ही ऐसी कार्रवाई से घबराने वाले हैं।

**पांच दिन चले छापे**

यमुनानगर में खनन कारोबार से जुड़े दिलबाग सिंह के घर लगातार 5 दिन रेड चली। उनके घर से 5 करोड़ कैश, गोल्ड बिस्किट और 5 अवैध विदेशी राइफलें मिली थीं। जिसके बाद यमुनानगर में उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट और एक्साइज एक्ट में 2 केस दर्ज किए गए थे।

## खबर संक्षेप

### हसीना 5वीं बार संभालेंगी बांग्लादेश की कमान

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद शेख हसीना 5वीं बार देश की पीएम बनने के लिए तैयार हैं। पीएम के तौर पर यह उनका लगातार चौथा टर्म होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शेख हसीना से फोन पर बातचीत की व उन्हें चुनावी जीत की बधाई दी। *(पेज-8 भी देखें)*



### कांग्रेस विधायक के परिसरों पर कर्नाटक में मारे छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में कर्नाटक कांग्रेस विधायक केवाई नानजेगौड़ा और उनसे जुड़ी कई संस्थाओं के परिसरों पर छापे मारे। नानजेगौड़ा कर्नाटक विधानसभा में मलूर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत जांच के सिलसिले में मलूर और कोलार जिलों में उनके परिसरों में तलाशी ली जा रही है। सूत्रों ने बताया कि कोलार में दुग्ध सहकारी समिति के कार्यालय और संयंत्र की भी तलाशी ली जा रही है। भाषा

### फ्रांस की प्रधानमंत्री बोर्न ने इस्तीफा दिया

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। बोर्न ने कुछ विदेशियों को वापस स्वदेश भेजने के सिलसिले में सरकार की शक्तियां बढ़ाने संबंधी विवादास्पद आव्रजन कानून और अन्य कदमों पर हालिया राजनीतिक तनाव के बाद इस्तीफा दिया है। इस कानून को राष्ट्रपति मैक्रों का समर्थन हासिल है।



## मौसम विभाग ने 5 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया

*सुबह के समय कोहरा भी बढ़ाएगा मुश्किलें*
*बुजुर्ग और बच्चे घरों में ही रहें*

# आज से बदलेगा मौसम, कई जगह पर बूंदाबांदी व ओले गिरने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश में सोमवार देर रात से मौसम बदलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। हालांकि इसका ज्यादा असर प्रदेश के दक्षिणी व उत्तरी जिलों में दिखाई दिया। इन जिलों में मंगलवार को बूंदाबांदी और कुछ स्थानों पर ओले गिरने की संभावना जताई जा रही है। अन्य जिलों में हल्के बादल छाए रहेंगे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 10 जनवरी को इस विक्षोभ के आगे निकलने के बाद फिर से प्रदेश में कड़ाके की ठंड व कोहरा कहर ढाएगा। प्रदेश के पांच जिले ऐसे चिह्नित किए गए हैं, जिनमें घने कोहरे और कोल्ड डे का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में अंबाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, कैथल और करनाल शामिल हैं। अन्य जिलों में भी शीतलहर लोगों को खूब कंपकंपाएगी। वहीं, फतेहाबाद में सोमवार को सुबह हल्की बूंदे पड़ने से मौसम में थोड़ा बदलाव दिखाई दिया। 15 दिनों से यहां का अधिकतम तापमान 15 डिग्री से नीचे चल रहा है। न्यूनतम तापमान 10 दिनों से 5 से 6 डिग्री के बीच घूम रहा है।

### प्रदेश में 14 दिन से चल रहा कोल्ड डे



मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश में पिछले 14 दिनों से कोल्ड डे चल रहा है। वायुमंडल में कोहरे की मोटी परत के कारण धूप भी सतह तक नहीं पहुंच रही है। हालांकि अच्छी बात यह है कि दक्षिणी जिलों में एक दो दिन से कोहरे की परत छंटने के बाद सूर्य के दर्शन लोगों ने किए। प्रदेश का अधिकतम तापमान 9 से 15 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

### दो दिन बूंदाबांदी

मौसम विभाग ने देर रात बारिश की संभावना जताई है। 9 व 10 जनवरी तक बादलवाही व बूंदाबांदी जारी रहेगी। इसके बाद जमीन के तापमान में बढ़ोतरी होगी।

### फसलों को लाभ

यह बारिश गेहूं व सरसों के लिए फायदेमंद है। एक तरह से यह गेहूं व सरसों के लिए नाइट्रोजन का कार्य करेगी। इस मौसम गेहूं की फसल में अच्छा फुटाव होगा।
*-डॉ. राजेश सिहाग उपनिदेशक कृषि विभाग।*

# राम मंदिर में अनूठा घंटा, 10 किमी दूर तक सुनाई देगी 'ॐ' की ध्वनि

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर को भव्य बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली हर एक चीज चर्चा में है। राम मंदिर में लगने वाले घंटे को रामेश्वरम में तैयार कर अयोध्या लाया गया है। राम मंदिर के लिए एक अनोखा घंटा भेंट किया गया है। इस घंटे की आवाज 10 किलोमीटर तक सुनाई देगी। इसकी चौड़ाई 3.9 फीट है और इसकी लंबाई 4 फीट है। इस घंटे की खास बात ये है कि एक बार बजने पर ॐ की आवाज निकलेगी। तमिलनाडु के रामेश्वरम से 613 किलो वजन का यह विशेष घंटा राम मंदिर के लिए भिजवाया गया है। इस विशाल घंटे को तमिलनाडु के रामेश्वरम से 4500 किलोमीटर की यात्रा कर अयोध्या लाया गया है।

**613** किलो वजन
**3.9** फीट चौड़ा
**4** फीट लंबा




### घंटे पर लिखा है राम का नाम

घंटे पर राम का नाम लिखा है। इस घंटे को अष्टधातु से तैयार किया गया है। इस घंटे को तैयार करना कोई आसान काम नहीं था, बल्कि इसे तैयार करने में 400 के करीब कर्मचारी लगे थे जिन्होंने दिन-रात एक कर इस घंटे को तैयार किया है। रामलला को यह विशेष घंटा तमिलनाडु की लीगल राइट काउंसिल की ओर से भेंट किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में 11 यजमान और 12 अधिवास होंगे।

## डबवाली के पास हादसा

# परिवार के पांच लोगों समेत 6 की जान गई

**डबवाली (हरिभूमि न्यूज)।** डबवाली-संगरिया रोड पर गांव शेरगढ़ के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। बताया जा रहा है कि श्रीगंगानगर निवासी बनवारी लाल के हिसार निवासी ससुर का देहांत हो गया था। ये सभी उसके संस्कार में शामिल होने के लिए बनवारी लाल, पत्नी दर्शना व एक अन्य रिश्तेदार गुड्डी देवी के साथ श्री गंगानगर से कार से निकला था। कार को इनका परिचित सुभाष चला रहा था। रास्ते में हनुमानगढ़ से बनवारी ने अपने रिश्तेदारों कृष्ण लाल व चंद्रकला को भी कार में बिठाया और सभी छह लोग हिसार के लिए रवाना हो गए। शाम करीब 3 बजे कार जब डबवाली के पास पहुंची तो अचानक कार बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई।

### पांच ने मौके पर ही दम तोड़ा

हादसे में कार सवार सुभाष, गुड्डी देवी, चंद्रकला, दर्शना देवी व कृष्ण कुमार की मौके पर भी मौत हो गई, बनवारी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे डबवाली के सरकारी अस्पताल में लाया गया। यहां कुछ ही समय में उसकी भी मृत्यु हो गई। सिटी थाना के एसएचओ शैलेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और शवों का डबवाली के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया।

## मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी पर मालदीव के हाईकमिश्नर तलब

# हमसे रिश्ते सुधारने की जिम्मेदारी मुइज्जू की, तीन मंत्री बर्खास्त हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामला बढ़ता जा रहा है। मालदीव की राजधानी माले में मौजूद भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने आनन-फानन में अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में मालदीव के हाई कमिश्नर को तलब किया गया। इसके बाद हाई कमिश्नर इब्राहिम शाहीब सुबह साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय पहुंचे। इस दौरान उसने सिर्फ 4 मिनट बात हुई। उनसे कहा कि इस मामले से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़े हैं। इन्हें सुधारने की जिम्मेदारी राष्ट्रपति मुइज्जू की है। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने कहा कि मालदीव सरकार पीएम मोदी और भारतीयों पर टिप्पणी करने वाले तीनों मंत्रियों को बर्खास्त करें। सस्पेंशन काफी नहीं है। मालदीव के 3 मंत्रियों माल्शा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्लाह महजूम माजिद ने पीएम मोदी और भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### यह विवाद क्यों बढ़ा?

पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप अब मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए। उनके आपत्तिजनक पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर भारतीयों और मालदीव के नागरिकों के बीच जंग छिड़ गई। लोगों का कहना है कि पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे से मालदीव के टूरिज्म को तगड़ा झटका जरूर लगने वाला है।



## संजय सिंह ने जारी की अधिसूचना

# अब नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप पर टकराव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डब्ल्यूएफआई विवाद में अब नव निर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह और खेल मंत्रालय आमने-सामने हो गए हैं। संजय ने आईओए की नेशनल चैम्पियनशिप की घोषणा के बाद संघ द्वारा भी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप रख दी है। उन्होंने सर्कुलर जारी कर 29 जनवरी से पुणे में चैम्पियनशिप की जानकारी दी है। जिस पर खेल मंत्रालय ने पत्र जारी कर कहा कि निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के पास सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का अधिकार नहीं है। इसके द्वारा आयोजित किसी भी प्रतियोगिता को गैरमान्यता प्राप्त माना जाएगा। पहलवानों को जीतने का कोई भी सरकारी लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, भूपिंदर सिंह बाजवा की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय तदर्थ समिति ने भी 30 दिसंबर को 2 से 5 फरवरी तक राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कराने की घोषणा की थी।



संजय बोले-29 से 31 तक पुणे में होगी चैंपियनशिप
खेल मंत्रालय ने कहा-इन्हें अधिकार नहीं, सर्टिफिकेट मान्य नहीं होंगे

# सिरसा में सीआरपीएफ इंस्पेक्टर समेत तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

## कार से 80 किलो डोडा पोस्ट लेकर जा रहे थे

**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनाबाद की टीम ने सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर समेत 3 लोगों को नशा तस्करी के आरोप में काबू किया है। उनकी कार से 80 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ इंस्पेक्टर सियाराम गुरुग्राम के एनएसजी केंद्र मानेसर में तैनात है और वह वर्दी की आड़ में नशा तस्करी कर रहा था। फिलहाल छुट्टी पर था। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। आरोपितों में भुगान राम निवासी डेह जिला नागौर, सूरज सिंह निवासी गुराडिया भरत जिला झालावाड़ राजस्थान और एनएसजी मानेसर में तैनात सीआरपीएफ इंस्पेक्टर सियाराम निवासी गोंवा कलां जिला नागौर राजस्थान शामिल हैं। पुलिस ने इनकी कार को रुकवा कर तलाशी ली तो 5 बोरियों में 80 किलोग्राम डोडा पोस्त मिला। तीनों को शहर के सिविल लाइन थाना में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

**एनएसजी केंद्र मानेसर में तैनात है सियाराम**



**सिरसा।** डोडपोस्त सहित पकड़े गए तस्कर।

**तल्खी** — बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

*गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया, दो सप्ताह में सरेंडर करें सभी 11 दोषी*

# गुजरात सरकार का आदेश रद, 11 दोषियों को जेल भेजने के निर्देश

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को रद कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया है। शीर्ष कोर्ट ने सरकार से पूछा कि क्या 'महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है', चाहे वह महिला किसी भी धर्म या पंथ को मानती हो। घटना के वक्त बिलकिस बानो 21 साल की थीं व 5 माह की गर्भवती थीं। बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद 2002 में भड़के दंगों के दौरान दुष्कर्म किया गया था। उनके परिवार के सात लोगों की हत्या हुई थी।

### बिलकिस ने दायर की थी याचिका

बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए आदेश पर विचार करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई पर फैसला गुजरात सरकार करेगी। बिलकिस ने कहा कि जब केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, फिर गुजरात सरकार फैसला कैसे ले सकती है? केस के सभी 11 दोषी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रिहा कर दिए गए थे।



### कानून के शासन का उल्लंघन

पीठ ने कहा, 'हमें अन्य मुद्दों को देखने की जरूरत नहीं है। कानून के शासन का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि गुजरात सरकार ने उन अधिकारों का इस्तेमाल किया, जो उसके पास नहीं थे और उसने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। उस आधार पर भी सजा में छूट के आदेश को रद किया जाना चाहिए।'

# राजस्थान में राज्यमंत्री सुरेंद्र विस चुनाव हारे, दिया इस्तीफा

**श्रीगंगानगर (एजेंसी)।** राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव विधानसभा चुनाव हार गए। करणपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल को कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11,283 वोटों से हरा दिया है। विधानसभा चुनाव हारने के बाद राज्य मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी ने सोमवार रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राजभवन के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल सिंह टीटी का त्यागपत्र अग्रेषित किया, जिसे राज्यपाल ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गए हों। वहीं जीत के बाद कुन्नर भावुक हो गए। उन्होंने पिता गुरमीत की तस्वीर के आगे मत्था टेका तो रो पड़े। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सरदार गुरमीत सिंह कुन्नर ही लड़ रहे थे।

- कांग्रेस प्रत्याशी कुन्नर ने 11,283 वोटों से हराया
- विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए थे टीटी

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव व राहुल को गिरफ्तार किया है। अब आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले मे पहले गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ अतुल ने बतलाया कि आरोपी गौरव व राहुल भी इस मामले मे संलप्ति है। बोह के प्रवीण कुमार ने 2 जनवरी को शिकायत दी थी कि आरोपी गौरव, राहुल, ईशान, अतुल व अन्य ने उसके भाई संजय की तेजधार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी।

### विद्यालय एनरोलमेंट सूची कर सकते हैं डाउनलोड

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में अध्ययनरत छात्रों के एनरोलमेंट रिटर्न में ऑनलाइन शुद्धि करने के लिए 22 दिसम्बर 2023 तक का समय दिया गया था। संबंधित विद्यालय छात्रों के एनरोलमेंट रिटर्न की संशोधित सूची 09 से 18 जनवरी, 2024 तक निःशुल्क डाउनलोड कर सकते है।

### तकनीकी कार्य के चलते चार ट्रेनें रहेंगी रद

**रेवाड़ी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से बिलासपुर मंडल पर अनूपपुर स्टेशन पर तीसरी लाइन डालने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन 13 जनवरी को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस ट्रेन 14 जनवरी को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन 14 जनवरी को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन 15 जनवरी को रद रहेगी।

### होमगार्ड का जवान आधा किलो अफीम समेत काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर होमगार्ड के जवान को 525 ग्राम अफीम के साथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरबचन सिंह निवासी संत नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से अफीम तथा मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान अफीम तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

### चंडीगढ़ स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने बुलाई बैठक

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने बसों की समय सारणी तय करने को लेकर सात राज्यों को पत्र लिखा है। 10 जनवरी को सातों राज्यों के परिवहन विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई है। बैठक में अलग-अलग रूटों पर समय सारणी तय करने संबंधी सुझाव लिए जाएंगे। पहले 29 दिसंबर को बैठक बुलाई थी। जिसमें हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल हुए थे। इसमें चंडीगढ़ परिवहन विभाग की तरफ से इंटर स्टेट बस टर्मिनल (ISBT) सेक्टर 17 की सर्वे रिपोर्ट उनके सामने रखी गई थी।

## कार सवार दो आरोपी युवक गिरफ्तार, दो मौके से फरार

# खनन माफिया ने पुलिस टीम पर किया हमला, जेसीबी-डंफर छुड़ाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**खास बातें**
- अवैध खनन करते पकड़ी गई थी जेसीबी और डंफर
- आरोपियों ने सड़क के बीच में कार खड़ी कर पुलिस को रोका
- पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर की जांच शुरू

गांव बनियावाला के नजदीक अवैध खनन करते पकड़ी गई जेसीबी व डंफर को लेकर थाने आ रही पुलिस पार्टी पर कार सवार युवकों ने हमला कर वाहनों को छुडवाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस कर्मियों ने दो युवकों को मौके पर पकड़ लिया जबकि दो युवक मौके से भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल रमेश कुमार ने बताया कि वह गाड़ी में गांव बक्करवाला के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव बनियावाला के पास अवैध खनन हो रहा है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्हें वहां पर एक जेसीबी व डंफर अवैध खनन करते मिले। उन्होंने डंफर व जेसीबी को



चालकों समेत काबू कर दिया। आरोपी डंफर चालक ने अपना नाम गांव मुकारोपुर निवासी इरफान तथा जेसीबी चालक ने अपना नाम गांव बागपत निवासी प्रवेज बताया। इसके बाद वह पकड़े गई जेसीबी व डंफर को लेकर प्रतापनगर थाने के लिए चले तो बाइक चालक गांव शहजादवाला निवासी शुभम ने उनकी रैकी करनी शुरू कर दी। जब वह डंफर व जेसीबी को लेकर गांव टिब्बी पहुंचे तो कार में सवार होकर चार युवक आए। आरोपियों ने सड़क के बीच में कार खड़ी कर उन्हें रोक लिया।

आरोपियों ने उन पर हमला कर डंफर व जेसीबी को छीनने का प्रयास किया। मगर पुलिस टीम ने दो युवकों को मौके पर पकड़ लिया जबकि दो युवक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव शहजादवाला निवासी अंकित व शिव कुमार उर्फ अभी के रूप में हुई।

उसने मामले की सूचना पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 332, 353, 506 व 34 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पिपली खेड़ा के राजकीय स्कूल में आग, 1954 से अब तक का रिकॉर्ड जला

**गन्नौर।** पिपली खेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगने से स्कूल के रिकार्ड रूम में रखा रिकार्ड जल कर राख हो गया। प्राचार्य ने मामले की शिकायत बडी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में प्राचार्य नरेंद्र ने बताया कि हरियाणा पुलिस से सब इंस्पेक्टर श्रीनिवास सोमवार को कुछ रिकार्ड लेने के लिए स्कूल आए थे। जब वह स्कूल क्लर्क संजीव कुमार के साथ रिकार्ड में गए तो कमरे से धूआं निकल रहा था। कमरे के अंदर घुसे तो कमरे में रखा सारा रिकार्ड जल चुका था। उन्होंने बताया कि रिकार्ड रूम में आग लगने की वजह से स्कूल में वर्ष 1954 से लेकर अब तक का रिकार्ड, बिल बुक, फाइलें, मेडिकल बिल फाइल, कैश बुक, आर्डर बुक, अध्यापकों के हाजरी रजिस्टर जल कर राख हो गए। प्राचार्य का आरोप है कि रविवार की रात को अज्ञात ने स्कूल के रिकार्ड रूम में आग लगाई है। शिकायत पर बड़ी थाना पुलिस एफएसएल की टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एसीबी इंस्पेक्टर व डीएसपी रीडर को एक लाख रिश्वत लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक के मार्गदर्शन में एसीबी के दो कर्मचारियों नामतः इंस्पेक्टर सोमेश ईएचसी अशोक कुमार को अम्बाला से एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस बड़ी कार्रवाई से एसीबी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचारी चाहे कहीं भी किसी भी रूप में क्यों न छिपा हो, एक दिन पकड़ा जाएगा।

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत प्राप्त हुई थी कि एंटी करप्शन ब्यूरो के दो कर्मचारियों द्वारा शिकायत को फाइल करने की एवज में एक लाख की रिश्वत की मांग की गई है। मामले की पड़ताल करने पर पाया गया कि एसीबी के अंबाला में कार्यरत इंस्पेक्टर सोमेश तथा ईएचसी अशोक कुमार द्वारा फर्जी शिकायत ली गई थी जोकि अधिकृत नहीं थी और इस शिकायत को फाइल करवाने की एवज में शिकायतकर्ता से एक लाख की रिश्वत की मांग की गई है। सभी तथ्यों की बारीकी से जांच पड़ताल करने के उपरांत दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम ने योजना बनाई। इसके बाद दोनों आरोपियों को हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह पूरी कार्यवाही गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई। इस मामले में हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के अंबाला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की जांच की जा रही है। एसीबी महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कोई भी किसी भी विभाग का क्यों ना हो, दोषी पाए जाने पर कार्यवाही किया जाना तय है।

# सीएम फ्लाइंग ने 10 बांग्लादेशी पकड़े

## गांव पाजू खुर्द ब्लीचिंग हाउस में कर रहे थे मजदूरी

- नहीं मिले वैध दस्तावेज, पुलिस ने सभी को किया गिरफ्तार
- बांग्लादेशियों में दो महिलाएं सात पुरुष व बालिका शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** गांव पाजू खुर्द में अवैध रूप से रह रहे पकड़े गए बांग्लादेशी।

सीएम फ्लाईंग पानीपत तथा जींद यूनिट की संयुक्त टीम ने गांव पाजू खुर्द में सोमवार को छापेमारी कर ब्लीचिंग हाऊस में 10 बांग्लादेशियों को काबू किया है। पकड़े गए बांग्लादेशियों में दो महिलाएं तथा एक बच्चा भी शामिल है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए सभी बांग्लादेशियों के खिलाफ फोरनर एक्ट के अन्तर्गत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीएम फ्लाईंग पानीपत को सूचना मिली थी कि गांव पाजू खुर्द के खेतों में ब्लीचिंग हाऊस बनाया गया है, जिसमें पानीपत से कपड़े की कतरन लाकर उनकी रंगाई की जाती है, फिर वापिस उसे पानीपत भेज दिया जाता है। ब्लीचिंग हाऊस में लेबर के रूप में बांग्लादेशी कार्य कर रहे हैं, जिसके आधार पर पानीपत के सीएम फ्लाईंग के डीएसपी अजीत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसमें जींद यूनिट के इंसपैक्टर राजदीप भी शामिल हुए। संयुक्त टीम ने पाजू खुर्द गांव के खेतों में बने ब्लीचिंग हाऊस पर छापेमारी की तो वहां पर कुछ मजदूर कार्य करते हुए मिले। दस्तावेज मांगे जाने पर मजदूर भारतीय होने से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। न ही भारत में रहने से सम्बन्धित दस्तावेज दिखा सके। पूछताछ में पकड़े गए लोगों की पहचान बांग्लादेश निवासी लेबर ठेकेदार सोहराब, उसकी पत्नी शैफाली, शरमीन, इशुब, अब्दुल अब्बास, आजाद अली, मौहम्मद रूबैल, दुलाल, आलम तथा एक चार वर्षीय बालिका के रूप में हुई है। जिसमें से चार व्यक्ति सफीदों शहर में रह रहे थे। सूचना मिलने पर सफीदों के तहसीलदार रासविन्द्र, डीएसपी आशीष कुमार तथा सफीदों सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। पकड़े गए सभी बांग्लादेशी मजदूरों के खिलाफ सदर थाना सफीदों पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि मजदूर ठेकेदार सोहराब लेकर आया था। खुद को पश्चिम बंगाल को बताकर गुमराह करने की कोशिश भी की गई, लेकिन दबाव देने पर बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार कर ली।

सदर थाना सफीदों प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गए बांग्लादेशी अवैध रूप से यहां पर रहते हुए कार्य कर रहे थे, जिनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पकड़े गए बांग्लादेशियों में सात पुरुष, दो महिला तथा एक बालिका शामिल है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सुनवाई के बाद आरोपित को दोषी करार दिया है। सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद व 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि में से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। अदालत ने मामले में पांच माह 25 दिन में दोषी को सजा सुनाई है।

- 60 हजार रुपये जुर्माना 50 हजार पीड़िता को मिलेगा मुआवजा

मूलरूप से बिहार के अररिया की रहने वाली महिला ने 6 मई, 2023 को सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया था कि वह सोनीपत में परिवार सहित रहती हैं। उनके पड़ोस में उनके अररिया में उनके गांव का ही रहने वाल मन्नू भी किराए पर रहता था। वह 5 मई, 2023 की शाम को सब्जी मंडी में गई थी। वह देर शाम वापस आई थी तो उनकी नाबालिग बड़ी बेटी सहमी हुई बैठी मिली थी। बेटी से पूछा तो उसने बताया था कि उनके पड़ोस में रह रहा मन्नू चाचा उसे अपने कमरे में ले गया था। उसने छोटी बहन को रुपये देकर खाने का सामान लेने भेज दिया था। उसके बाद आरोपी ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया था।

# ज्वेलर शॉप में दिनदहाड़े घुसे तीन नकाबपोश, चाकू मारकर की लूट

- सीसीटीवी में तीन आरोपी दिखे, एक के पास पिस्तौल व दो के हाथ में थे चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में दिन दहाड़े लूटपाट की वारदात हो गई। यहां एक ज्वेलरी शॉप में घुसे तीन बदमाशों ने चाकू और पिस्तौल के बल पर नगदी समेत सोने-चांदी के काफी आभूषण लूट लिए। दुकान संचालक को भी चाकू मार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल एक निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। उधर, वारदात से बहादुरगढ़ के स्वर्णकारों में रोष पनप गया है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल मूल का शेख जमालुद्दीन उर्फ लाला पिछले कुछ समय से यहां बहादुरगढ़ के किला मोहल्ला में रहता है। मकान के निकट ही उसकी एमएस ज्वेलर्स नाम से दुकान है। रोजमर्रा की तरह सोमवार को वह अपनी दुकान पर मौजूद था। उसकी पत्नी भी साथ बैठी थी। करीब साढ़े चार



**बहादुरगढ़।** वारदात के दौरान कैमरे में कैद हुए आरोपी।

बजे वे कुछ ग्राहकों को आभूषण दिखा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश वहां आए। एक बदमाश के हाथ में पिस्तौल थी तो अन्य बदमाश चाकू लिए हुए थे। दुकान में घुसते ही उन्होंने हथियार तान दिए। धमकी देते हुए बैग में सारे आभूषण डालने के लिए कहा। विरोध करने पर उन्होंने शेख जमालुद्दीन पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार किए। इसके बाद आभूषणों के कई बॉक्स बैग में डालकर चंपत हो गए। बदमाशों के भागने के बाद घायल शेख बाहर निकला और लोगों ने उसे संभाला। लहूलुहान अवस्था में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर सिटी थाना व सीआईए की टीमें मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीसीटीवी में वारदात कैद हो गई है। जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

**मामले की जांच**

डीएसपी धर्मवीर सिंह का कहना है कि किला मोहल्ला में एक ज्वेलरी शॉप पर वारदात हुई है। दुकान संचालक को भी घायल किया गया है। सीसीटीवी में तीन नकाबपोश नजर आए हैं। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

### स्वर्णकारों ने जताया रोष

वारदात से शहर के स्वर्णकारों में रोष है। अनेक स्वर्णकार अस्पताल में पीड़ित का हालचाल जानने पहुंचे। प्रधान दीपक वर्मा ने कहा कि कई बार दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप्स में वारदात हो चुकी है। सर्राफा व्यापारी बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। अब एक और ज्वैलर के साथ वारदात हुई है। प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए।

# पंच पर हमले में सरपंच के ससुर सहित कई नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना कसोला पुलिस ने साल्हावास के पंच पर हमला करने के आरोप में सरपंच के ससुर सहित कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अस्पताल में उपचाराधीन पंच राजबीर ने बताया कि वह अपनी बाइक से कसोला चौक पर हार्डवेयर का सामान लेने के लिए जा रहा था। बाइक पर उसके साथ गांव का ही रोहतास भी था। गांव के महेश के मौसेरे भाई खेड़ा मुरार निवासी सोनू ने गाड़ी बाइक के आगे लगाकर उसे देसी कट्टा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने भागने का प्रयास किया, जिस कारण रोहतास बाइक से गिर गया।

**प्रस्ताव पर साइन नहीं करने पर हमला**

पुलिस बयान में राजबीर ने बताया कि गांव की सरपंच दीक्षा के ससुर भीमसिंह ने उसे जोहड़ के प्रस्ताव पर साइन करने को कहा था। जोहड़ की जमीन पर उसका कब्जा होने के कारण उसने प्रस्ताव पर साइन करने से मना कर दिया था। इसके बाद भीमसिंह और उसके लड़के महेश ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

### आम आदमी पार्टी का संगठन विस्तार, 256 की सूची जारी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। सोमवार को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक ने 256 पदाधिकारियों की सूची जारी की। इसमें जिला मीडिया प्रभारी और प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची शामिल है।

वहीं, लोकसभा उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और प्रदेश और जिला संयुक्त सह सचिव समेत कई पदों पर नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि आम आदमी पार्टी का संगठन हरियाणा में सबसे मजबूत है।

# मोदी के नेतृत्व में हो रहा कुशल भारत का निर्माण : नायब

- हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मुंबई बैठक में हुए शामिल
- श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर अध्ययन के लिए मुंबई पहुंचे नायब सैनी

हरियाणा ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

कुरूक्षेत्र से सांसद एवं हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी सोमवार को मुंबई में श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर स्थाई समिति के अध्ययन दौरे की बैठक में शामिल हुए। अध्ययन दौरा कार्यक्रम अंतर्गत संबंधित विषयों पर व्यापक विचार



विमर्श हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कुशल जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को दूर करना, व्यावसायिक और तकनीकी ढांचे का निर्माण करना, कौशल उन्नयन, नए कौशल और नवीन सोच का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से कुशल भारत की प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना को साकार करना है।श्री सैनी ने बताया कि भारत में लगभग 65 प्रतिशत युवा कामकाजी आयु वर्ग के हैं। कौशल विकास ही एक मात्र ऐसा तरीका है जिससे हम जनसांख्यिकीय लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कौशक और ज्ञान आर्थिक विकास की प्रेरक शक्तियां हैं। श्री सैनी ने कहा कि इस बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उद्योगों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर अधिक जोर दिया गया है। मुंबई में श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर स्थाई समिति के अध्ययन दौरा के दौरान यह जाना गया है कि किस तरीके से अपने युवाओं को प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जा जाए। मुंबई में हुई इस बैठक में देशभर के अनेक नेता उपस्थित रहे।

## कर्टन रेजर कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री शर्मा ने ब्रोशर का किया लोकार्पण

# नई शिक्षा नीति को बनाया जाएगा रोजगार परक : मूलचंद

- अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच" रहेगा आईआईएसएफ का विषय

हरियाणा ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) में 17 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल आज समारोह का कर्टन रेजर जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रोसर का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में



उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का जश्न मनाना और उजागर करना है। आईआईएसएफ 2023 का विषय "अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच" है। मूलचंद शर्मा ने आईआईएसएफ 2023 के आयोजन स्थल के रूप में फरीदाबाद को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस आयोजन से बड़ी संख्या में फरीदाबाद और हरियाणा के अन्य जिलों के स्कूली बच्चों को साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी का लाभ मिलेगा। उन्होंने आयोजन स्थल को विकसित करने में किए गए जबरदस्त काम के लिए आईआईएसएफ 2023 के आयोजकों को बधाई दी और आईआईएसएफ 2023 को एक शानदार सफलता बनाने में सरकार की ओर से सभी सहयोग का वादा किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि फरीदाबाद देश और दुनिया में तथा एशिया की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां सूई से लेकर हवाई जहाज और चंद्रयान तक बनाए जाते हैं। विश्व में औद्योगिक क्षेत्र में फरीदाबाद की सात कंपनियों का विशेष योगदान रहा है। इसी कारण से फरीदाबाद औद्योगिक नगरी के क्षेत्र में एशिया में यह मुकाम है। साइंस फेस्टिवल महाकुंभ में जो भी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार को 17 से 20 जनवरी तक मिलेगी उसे हर संभव रूप से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का वैज्ञानिक विश्व में अपना लोहा मनवा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में इलेक्ट्रिकल बस, सोलर ट्यूबवेल और खेती भी साइंस से की जा रही है। इसमें साइंस का बड़ा योगदान है। आने वाले समय में वैज्ञानिक और भी खोज करेंगे। नई शिक्षा नीति पर उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जो नई शिक्षा नीति सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही है, उसमें शिक्षा लेने वाले बच्चे नौकरी लेने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनेंगे। शिक्षा को रोजगारपरक शिक्षा बनाया जा रहा है। नई शिक्षा नीति प्रदेश में 2025 तक पूर्ण रूप से लागू कर दी जाएगी।

देश और प्रदेश में नई शिक्षा नीति के जरिए विश्वविद्यालय, साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बदलाव लाने का काम किया जा रहा है। भारत सरकार की साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग की जॉइंट सेक्रेटरी सुश्री ऐ धनलक्ष्मी ने आईआईएसएफ 2023 के लिए स्थल के निर्माण में हुई गति और प्रगति की सराहना की। इसके अलावा, विज्ञान भारती/ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के भारत सरकार के सचिव शिवकुमार शर्मा, संस्थान के डायरेक्टर डॉ जयंत भट्टाचार्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# ट्यूबवेलों पर दी जाने वाली बिजली सप्लाई के समय में परिवर्तन

- बढ़ती ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री का किसान हितैषी फैसला

हरियाणा ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



किसान अब दिन के समय में अपने खेतों में दे सकेंगे पानीअब सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक 2 शिफ्टों में मिलेगी बिजलीचंडीगढ़, 8 जनवरी - हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने प्रदेश में बढ़ती ठंड के कारण किसानों द्वारा अपने खेतों में पानी देने में आ रही परेशानी को दूर करते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने ट्यूबवेलों पर दी जाने वाली बिजली सप्लाई के समय में परिवर्तन किया है। अब किसानों को दिन के समय में 2 शिफ्टों में बिजली मिलेगी, जिससे किसान रात को बजाय अब दिन के समय में अपने खेतों में पानी दे सकेंगे। श्री मनोहर लाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति दी जाए। सरकार के इस निर्णय से किसानों को बहुत बड़ा लाभ होगा। पिछले कुछ दिनों से प्रदेशभर से किसानों द्वारा सरकार को इस परेशानी से अवगत कराया जा रहा था, जिसके बाद आज मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया है।

